**खबर संक्षेप**



### मरीजों को वितरित की न्यूट्रिशन राशन किट

**करनाल।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी की तरफ से टीबी प्रोजेक्ट के तहत पांच मरीजों को न्यूट्रिशन राशन किट वितरित की गई। यह राशन किट जिला रैडक्रास सोसायटी के चेयरमैन व उपायुक्त उत्तम सिंह के आदेशानुसार वितरित की गई है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने कहा कि उपायुक्त उत्तम सिंह की तरफ से व भारतीय रेडक्रास हरियाणा राज्य के महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल के दिशा निर्देशन में संचालित टीबी प्रोजेक्ट के तहत मरीजों को पांच टीबी मरीजों को न्यूट्रिशन राशन किट निशुल्क प्रदान की है।

### सरकार की योजनाओं का आम मिल रहा है फायदा

**करनाल।** घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि गरीब परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए हरियाणा सरकार नित नई-नई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है ताकि वे इनका लाभ उठाकर राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा कर सके। विधायक हरविंद्र कल्याण ने बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए आयुष्मान भारत योजना, हैप्पी कार्ड योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना जैसी अनेक योजनाएं लागू की गई हैं।

### सरपंच ही गुणवत्ता सुनिश्चित कर सकता है : सुभाष सुधा

**कुरुक्षेत्र।** इससे पहले कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने सरपंचों को छोटा विधायक की संज्ञा देते हुए कहा कि ग्रामीण आंचल में हमारे यह पंचायत प्रतिनिधि दिन रात जनता की सेवा में लगे रहते हैं। विकास कार्यों में जो गुणवत्ता सरपंच सुनिश्चित कर सकता है वह ठेकेदार नहीं कर सकता। स्थानीय विधायक होने के नाते उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि धर्म नगरी कुरुक्षेत्र की इस पावन धरा पर आप यहां पधारे हैं तो सभी तीर्थ के दर्शन अवश्य करके जाएं।

## मुख्यमंत्री ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है, बखूबी निभाउंगा

# नवनियुक्त ओएसडी संजय बठला का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि संजय बठला को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा ओएसडी नियुक्त किए जाने पर करनाल के लोगों में खुशी का माहौल है इसी खुशी में करनाल की सामाजिक धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाओं द्वारा करनाल के घंटाघर चौंक पर लड्डू बांटे गए और पटाखे चलाए गए इस मौके पर ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए लोगों ने फूलों की मालाओं एवं पुष्प वर्षा कर नवनियुक्त ओएसडी संजय बठला का स्वागत किया।

चंडीगढ़ से सीधे वाल्मीकि चौक पर पहुंचे नवनियुक्त ओएसडी संजय बठला ने सबसे पहले नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर फूलों के माला पहनाकर नमन किया। उसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ आई हुई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हार पहनाकर भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर नवनियुक्त ओएसडी संजय बठला ने अपनी इस नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ साथ हरियाणा के वर्तमान के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा मुझे पर विश्वास करते हुए मुझे जो यह जिम्मेदारी दी गई है उसको में पूरी ईमानदारी से निभाउंगा एवं जिला एवं प्रदेश के लोगों की जो भी समस्याएं होंगी उनको माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कर उनका समाधान करवाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, कमल मुंजाल, विकास कथूरिया, सुनील मदान, सरदार दर्शन सहगल, मनीष तनेजा, मनमीत बावा, परवीन गोयल, बिशन सिंह शेखावत, परवीन लाठर, राकेश मदान, विजय गिरधर, अलका चौधरी, वीना सेठी, कृष्ण गर्ग, दीपक गुप्ता, ईश गुलाटी, संकल्प भंडारी, विजय गिरधर, संजय गुप्ता, सुमित सचदेवा, सुनील गुप्ता, डॉ. पुरी, संजय बत्रा एवं पूर्व पार्षद एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## तरावड़ी में ट्रेन हादसा, आठ कंटेनर गिरे



**तरावड़ी।** ट्रेक पर धंसा मालगाड़ी का क्षतिग्रस्त कंटेनर। *फोटो : हरिभूमि*



**तरावड़ी।** हादसे के बाद ट्रैक पर जमा भीड़।



**तरावड़ी।** हादसे के बाद स्टेशन पर बैठे यात्री। *फोटो : हरिभूमि*



**तरावड़ी।** हादसे से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल। *फोटो : हरिभूमि*

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के टॉप लीडर्स सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता एवं करप्शन फ्री इंडिया अभियान को समर्पित देश के अग्रणीय संस्थान एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के टॉप लीडर्स मीट का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता फाउंडर एवं नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने की। टॉप लीडर्स मीट में मुख्य अतिथि के रूप में इंटरनेशनल सुप्रीमो जरनैल सिंह, नैशनल चीफ चेयरपर्सन पायल मित्तल, नैशनल लीगल एडवाइजर अधिवक्ता अनिल मालिक व अधिवक्ता बिक्रम चौधरी, नैशनल चीफ डायरेक्टर व्यापार प्रकोष्ठ सत नारायण गर्ग ने शिरकत की। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा की भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए फाउंडेशन के लीडर्स अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें टॉप लीडर्स अवार्ड से से सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाता है। इस अवसर पर टॉप लीडर्स अवार्ड से पूनम गोयल, पवन शर्मा, सुनीता गुप्ता, पायल मित्तल, तरसेम कुमार गुप्ता, सतीश जांगड़ा, चशमपाल नरवाल, ईशा चौधरी, संजय चावला, सावी चौधरी, सुनील मित्तल, सुभाष चंद, अश्वनी मेहता, वरुण कम्बोज, टी सीरीज सिंगर कीर्ति मान, राजेंदर कुमार, कृष्णा गुप्ता, संजीव गर्ग, डा. दिनेश गोयल, सुखबीर सिंह, विशाल गुप्ता, उर्वशी राज आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के

## धान की सीधी बिजाई करने पर किसानों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि: खंड कृषि अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

खंड कृषि अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इंद्री के गांव जैनपुर साधान, चंद्राव आदि गांवों में किसानों को धान की सीधी बिजाई करने के लिए प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया है। एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में किसानों को सीधी धान की बिजाई की जानकारी देते हुए कृषि विभाग के खंड कृषि अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई करने पर किसानों को 4 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस



इंद्री 3 इंद्री के जैनपुर साधान मे किसानों को जानकारी देते कृषि अधिकारी ।

अनुदान राशि के लिए किसान को विभाग के पोर्टल पर पर अपना पंजीकरण करवाना होगा। कृषि विकास अधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार ने बताया कि किसान पारम्परिक विधि से धान की पौध तैयार करके धान की रोपाई खेत में करते हैं। जिसमें समय के साथ-साथ पानी की खपत बहुत ज्यादा होती है। इसके अतिरिक्त धान की रोपाई करने में श्रम भी अधिक लगता है जिससे धान की खेती पर होने वाले खर्च में वृद्धि होती है। उन्होंने किसान प्रशिक्षण में धान की सीधी बिजाई पर अपने अनुभव किसानों के साथ साझा किये और विस्तार से सीधी धान की बिजाई से होने वाले लाभों के बारे किसानों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धान की सीधी बिजाई से पानी की बचत होती है और खर्च में भी कमी आती है। उन्होंने किसानों को प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा सरकार की किसान हित योजनाओं के बारे भी जानकारी दी। किसान प्रशिक्षण में कृषि पर्यवेक्षक अजय कुमार, जैनपुर के सरपंच नरेन्द्र कुमार, अमर सिंह, सुभाष नम्बरदार, प्रेमचन्द, ईशम चन्द व रामनाथ आदि किसान मौजूद रहें।

## प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाई करवाने पर 10 प्रतिशत सम्पत्ति कर पर मिलेगी छूट

- नगर निगम की टीमें डोर टू डोर जाकर प्रॉपर्टी आईडी को कर रही स्व-प्रमाणित
- त्रुटि हो तो ऑनलाईन आपत्ति करवाएं दर्ज, सीएफसी में 2 काउंटर हैं स्थापित : अशोक कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर निगम क्षेत्र में सम्पत्ति आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम की 20 टीमें सभी वार्डों में डोर टू डोर जाकर प्रॉपर्टी आई.डी.



इंद्री 3 इंद्री के जैनपुर साधान मे किसानों को जानकारी देते कृषि अधिकारी ।

को सत्यापन करने का कार्य कर रही हैं। अब तक 34 हजार 89 सम्पत्तियों को स्व-प्रमाणित किया जा चुका है। जो व्यक्ति सम्पत्ति आई.डी. को स्व-प्रमाणित कर रहे हैं, उन्हें वित्त वर्ष 2024-25 के सम्पत्ति कर पर 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। यह जानकारी उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने मंगलवार को दी। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील करते कहा कि वे प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करवाकर अपने डाटा को लॉक करें। ऐसा करने से कोई अन्य व्यक्ति उससे किसी प्रकार की छेड़खानी नहीं कर सकता और न ही उसमें कोई तबदीली लाने के लिए आपत्ति दर्ज कर सकता। इससे सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने कहा है कि नागरिक इस कार्य के लिए नगर निगम की टीमों का सहयोग करें। यह कार्य उन्हीं की सुविधा के लिए ही किया जा रहा है।

### एलआईसी योग कक्षा की सालगिर मनाई

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अन्तर्गत लगाई जा रही कक्षाओं में एल आई सी योग कक्षा की नौवीं सालगिरह हर्षो उल्लास के साथ मनाई गई। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के प्रमुख शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में यह कक्षा निर्विघ्न रूप से चलाई जा रही है। उन्होंने यहां पहुंच कर योग साधकों को यौगिक क्रियाओं तथा ध्यान ,प्राणायाम का अभ्यास करवाया।तत्पश्चात एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें दिनेश गुलाटी और मिशन के अन्य शिक्षकों ने इस कक्षा की शिक्षिका राधिका भाटिया और कोमल कांबोज को शुभकामनाएं दी और उन्हें ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने योग के महत्व को बताते हुए कहा कि योग जीवन जीने

## श्री खाटू श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाई गई योगिनी एकादशी

- बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु , भक्तिमय बना माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर के श्री खाटू श्याम मंदिर में योगिनी एकादशी बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया, वहीं एकादशी पर श्रद्धालुओं ने श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। योगिनी एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन किया गया। सुबह से लेकर प्रभु इच्छा तक श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा का



गुणगान किया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को योगिनी एकादशी महत्व बताया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार योगिनी एकादशी का व्रत आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाता है। योगिनी एकादशी पाप के प्रायश्चित के लिए विशेष मानी जाती है। इस मौके पर मंदिर मुख्य सेवक देसराज गुप्ता, अनिल कुमार गर्ग, रामकरण गोयल, महेंद्र गुप्ता, विनोद गोयल, आकाश गुप्ता व विकास गुप्ता सहित आदि उपस्थित रहे।



### भाविप अभिमन्यु शाखा ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोला

**करनाल।** भारत विकास परिषद अभिमन्यु शाखा के प्रयासों से गांव शेखपुरा सोहना में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोला गया है। गांव की बुजुर्ग महिलाओं से दीपक प्रज्जवलित करवा कर केंद्र की शुरूआत की गई। भाविप अभिमन्यु शाखा ने सात सिलाई मशीनें केंद्र में उपलब्ध करवाई हैं। 10 जुलाई तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके तहत यह नेक शुरूआत की गई। मधु पाठक, मधु ग्रोवर, कविता मल्होत्रा व रंजना रहेजा ने इस कार्य के लिए भरसक प्रयास किए। अभिमन्यु शाखा अध्यक्ष सतीश मल्होत्रा ने कहा कि गांव से सिलाई सीखने की इच्छुक महिलाएं तीन महीने का कोर्स कर सिलाई करना सीख सकेंगी व जीवन में आत्मनिर्भर बन सकेंगी। भविष्य में भी अगर ओर मशीनों की जरूरत रहेगी तो उन्हें उपलब्ध करवा दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार करने से समाज विकास की राह पर अग्रसर होता है। ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर सिलाई टीचर सुनीता, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अघी, सचिव मधु ग्रोवर, महिला स्योंजिका मधु पाठक, पूर्व अध्यक्ष कविता मल्होत्रा, अंजू चौधरी व भारत आदि मौजूद रहे।

## सम्पदा अधिकारी ने अटल पार्क का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# अटल पार्क प्रकृति प्रेमियों को करा रहा सुकून का एहसाहस

- अटल पार्क प्रकृति प्रेमियों व घूमने-फिरने वालों को दे रहा सुकून के पल : जसपाल सिंह गिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर का अटल पार्क प्रकृति प्रेमियों व घूमने-फिरने वालों की पहली पसंद बना हुआ है और लोगों को काफी सुकून भी दे रहा है। पार्क के भव्य गेट, खूबसूरत हरियाली, बैठने के लिए सुंदर गैजिबो और वाटर बॉडी, सुबह-शाम, घूमने-फिरने वालों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से इस पार्क का खास महत्व है। मंगलवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सम्पदा अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने सम्बंधित कर्मचारियों के साथ अटल पार्क का



दौरा किया तथा पार्क में मौजूद व्यवस्थाओं को जायजा लिया और अपनी संतुष्टिं जाहिर की। दौरे के पश्चात उन्होंने बताया कि बीते दिनों तेज आंधी व तूफान आने के कारण पार्क में मौजूद कुछ विद्युत खम्बे गिर गए थे, जिस कारण पार्क में पानी व लाईट की कुछ समस्या उत्पन्न हो गई थी। परंतु अब इन्हें दुरूस्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पार्क में सैर-सपाटे के लिए आने वाले लोगों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए पार्क में 3 नए वाटर कूलर लगाए गए हैं। दो वाटर कूलर नजदीक होने के कारण उन्होंने एक वाटर कूलर को उचित दूरी पर रखने के निर्देश दिए, ताकि सभी लोगों को इनका लाभ मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पार्क में सदैव हरियाली बनी रहे, इसके लिए समय-समय पर पानी देते रहें। घास की कंटिंग व पौधों की ट्रीमिंग का कार्य भी समय पर होना चाहिए। दौरे के दौरान पार्क की साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान करीब 15 सफाई कर्मचारी काम में लगे मिले। उन्होंने मौके पर मौजूद सुपरवाईजर को निर्देश दिए कि सफाई कार्य में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, पार्क की नियमित तौर पर सफाई की जाए। उन्होंने बताया कि पूरे पार्क में रोशनी की भी उचित व्यवस्था की गई है। इसके लिए सोलर प्रणाली से जुड़ी 15 हाई मास्ट लाईटें लगी हुई हैं, जो स्वत: ही ऑन-ऑफ होती हैं। इसके अतिरिक्त 4 हाई मास्ट लाईटें और 200 डेकोरेटिव लाईटें भी पार्क में मौजूद हैं, जो पार्क की खूबसूरती में चार चांद लगाती हैं। सुरक्षा की दृष्टिं से पार्क में 8-8 घण्टें की शिफ्ट में तीन चौकीदार तैनात किए गए हैं। पुरूष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय मौजूद हैं। पार्क की एंट्री पर मौजूद वाटर बॉडी में भी पानी भरा जा रहा है, उन्होंने चालू सप्ताह में ही इसमें मौजूद फव्वारे चालू करने के निर्देश दिए।

### 48 एकड़ में फैला है विशाल अटल पार्क

सम्पदा अधिकारी जसपाल सिंह गिल ने बताया कि नेशनल हाईवे-44 के साथ लगता विशाल अटल पार्क 48 एकड़ क्षेत्रफल में फैला है। इसका नाम भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपयी के नाम पर रखा गया था और बीती 25 दिसम्बर 1999 को वाजपयी जी के जन्म दिवस पर यह जनता को समर्पित हुआ था। मौजूदा सरकार की ओर से पार्क में अटल बिहारी वाजपयी की एक विशाल मूर्ति भी स्थापित की गई है। बता दें कि एच.एस.वी.पी. की ओर से वसंत ऋतु के मौके पर यहां कई सालों से एक फूल मेले का आयोजन भी किया जाता है, जिसकी रौनक देखते ही बनती है। मेले में आने वाले लोग प्रकृति की अनुपम नेमत रंग-बिरंगे फूलों के सौंदर्यबोध से रूबरू होते हैं।

## खबर संक्षेप



पानीपत। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के नन्हें मुन्ने विद्यार्थी श्री हनुमान मंदिर में पूजन करते हुए।

### नन्हें मुन्ने ने हनुमान मंदिर का दौरा किया

**पानीपत।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों ने हनुमान मंदिर का दौरा किया। इस शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों ने आस्था, निष्ठा व भक्ति के महत्व को जाना। पवन पुत्र हनुमान जी के दर्शन कर बच्चे बड़े खुश थे। विद्यालय की प्रधानाचार्य ऋतु सिंह ने बच्चों को हनुमान जी की शक्ति से बच्चों को परिचित कराया। उन्होंने बताया कि ये वही हनुमान जी हैं जिन्होंने समुंदर पार कर श्री लंका में मां सीता जी की खोज की थी। अगर आप भी निष्ठा, लगन व आस्था से कार्य करोगे तो आप भी संकट मोचन पवन पुत्र की तरह बन सकते हो। वहीं चेयरमैन अतुल जैन ने बच्चों को धार्मिक महता के बारे में बताया। इस अवसर पर उनकी कक्षा की अध्यापिकाएं भी मौजूद रही। इधर, बच्चों ने भगवान हनुमान का जयकारा लगाया।

### विवाहिता को दहेज के लिए घर से निकाला

**पानीपत।** पानीपत के गांव बाल जाटान निवासी विवाहिता को सुसराल वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। इधर, विवाहिता की शिकायत पर थाना सदर पुलिस, पानीपत ने उसके पति सोनू मोर निवासी पंचकूला, हुडा सेक्टर 19, इसकी मां व बहन पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नौकरी के नाम पर ठगी करने का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने आर्य नगर निवासी कुलदीप व उसके परिचितों से कंपनी में निवेश करवाने व नौकरी देने के नाम पर करीब तीन करोड़ की ठगी करने वाले आरोपी अमित शर्मा निवासी राज नगर एक्सटेंशन गाजियाबाद यूपी को सोमवार देर शाम यूपी के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में कुलदीप की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने चोरी के आरोपी का दबोचा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने आर्य नगर स्थित घर में चोरी करने वाले आरोपी साइम उर्फ साहित पुत्र जावेद निवासी विद्यानंद कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में शाहरूख पुत्र फरीद निवासी आर्य नगर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### आईसीपी शिक्षा संस्थान ने छात्रों को सम्मानित किया

**पानीपत।** आईसीपी शिक्षा संस्थान ने अपने 14 सफल वर्षों के समापन के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सीए हिमांशु ग्रोवर, दीपांशु ग्रोवर, सीए इंदरजीत सिंह, सीए आशु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जबकि कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया।

### अध्यापकों ने पौधे रोपे

**पानीपत।** जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, बीईओ बिजेंद्र हुड्डा, उद्योगपति हरिओम तायल, डा.गौरव श्रीवास्तव, मुख्य शिक्षक मुकेश बोस, डीओसी हरिओम, नोडल अधिकारी सुरेश देसवाल, कब मास्टर बोधराज, डीओसी हरिओम, बीईओ मनीष गुप्ता, बीआरसी बिजेंद्र नरवाल, प्राचार्य सुमेर सिंह, सुरेश देशवाल, प्राचार्य कुसुम बंसल, प्रतिमा शर्मा, फोरस्ट रेंजर बरिंदर सिंह पौधे रोपे।

### मेडिकल कॉलेज में पौधे रोपे

**इसराना।** एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इंटरनेशनल डॉक्टर डे मनाया गया और पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूषण गुप्ता व प्रिंसिपल डॉ पीके सिंह रहे। अध्यक्षता एडिशनल एमएस डॉक्टर संतलाल वर्मा ने की।

---

जनवरी से लेकर मई माह का लिंगानुपात 885 दर्ज किया गया

# पानीपत लिंगानुपात में प्रदेश में 17 वें स्थान पर खिसका

- भ्रूण की लिंग जांच मामलों की इंवेस्टिगेशन के प्रति लापरवाह हुई स्वास्थ्य विभाग की पीएनडीटी विंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



देश भर को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का नारा देने वाला विश्व विख्यात ऐतिहासिक व टेक्सटाइल जिला लिंगानुपात में लगातार पिछड़ रहा है। जनवरी से लेकर मई माह का लिंगानुपात 885 दर्ज किया गया है। पानीपत में एक जनवरी से 31 मई तक 12427 लड़कों ने जन्म लिया, इनमें 6592 लड़के व 5835 लड़कियां है। पानीपत फिलहाल प्रदेश में लिंगानुपात में 17 वें स्थान पर है। वहीं, पानीपत के इस आंकड़े ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पानीपत की धरती पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान भी धीरे धीरे दम तोड़ रहा है। लिंगानुपात के लगातार गिरने का बड़ा कारण पिछले दो साल में लिंग जांच के खिलाफ हुई नाममात्र कार्रवाई हैं। पिछले दो साल में लिंग जांच पर महज तीन कार्रवाई हुई हैं। चार साल में चार पीएनडीटी इंचार्ज बदले जा चुके हैं। स्मरणीय है कि स्वास्थ्य विभाग पिछले चार साल में जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने तक ही सीमित रहा, कार्यक्रम नहीं कर पाया। पानीपत के 61 गांव ऐसे हैं जहां लिंगानुपात 700 से भी कम है। वहीं, सन् 2015 से 2020 के बीच स्वास्थ्य विभाग ने भ्रूण जांच के खिलाफ 80 रेड की। कई प्रदेशों में बड़े स्कैंडल का पदार्फाश किया गया। 100 से अधिक मेडिकल स्टोरों पर कार्रवाई की गई। इन छह सालों में हर माह औसतन आठ-नौ सफल रेड की जाती थी। स्वास्थ्य विभाग के धरातल पर किए गए प्रयासों के चलते सन् 2017 में पानीपत लिंगानुपात में 946 अंक के साथ पहले स्थान पर भी रहा था। जबकि वर्ष 2020 के बाद पीएनडीटी इंचार्ज बदले। पिछले चार सालों में 15 साल से भी कम रेड की गई है। जागरूकता कार्यक्रम नहीं के बराबर हुए। समय-समय पर पीएनडीटी इंचार्ज बदलते रहे। ऐसे में लिंग जांच के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पाई।

**पानीपत का वर्ष अनुसार लिंगानुपात**

| | |
|---|---|
| 2015 | 892 |
| 2016 | 912 |
| 2017 | 945 |
| 2018 | 900 |
| 2019 | 939 |
| 2020 | 935 |
| 2021 | 918 |
| 2022 | 924 |
| 2023 | 920 |
| 2024 में 31 मई तक | 885 |

### लिंगानुपात बढ़ाने को सशक्त कदम उठाएंगेः डॉ आहूजा

पानीपत के सिविल सर्जन डॉ जयंत आहूजा ने बताया कि पानीपत जिला में लिंगानुपात बढ़ाने के लिए धरातल पर सशक्त कार्यवाही की जाएगी। जिन शहरी क्षेत्रों व ग्रामीण अंचल में लिंगानुपात कम है वहां पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि इस साल कई जगह लिंग जांच को लेकर जांच की गई। वहीं, लिंग जांच करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। स्वासथ्य विभाग, समय समय पर निजी अस्पतालों व आईवीएफ सेंटर का निरीक्षण भी कर रहा है।

---



पानीपत। रोटरी मिड टाउन के पदाधिकारीगण जरूरमंद लडकी को आर्थिक मदद देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पुनीत ने जरूरतमंदों की मदद कर संभाला रोटरी का अध्यक्ष पद

### खिलाड़ी की आर्थिक मदद दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

रोटरी मिड टाउन द्वारा मंगलवार को इस वर्ष के प्रथम दिन कई प्रोजेक्ट चालू किए। रोटरी क्लब मिड टाउन के प्रधान विपन मित्तल द्वारा 2024-25 के प्रधान पुनीत गुप्ता को रोटरी क्लब की कोलर पहना कर विधिवत अपना कार्य भार सौंपा और सचिव राजेश नंदा द्वारा नए सचिव नीतीश डावर को क्लब की पिन लगा कर सम्मान किया।

संचालन पीडीजी रंजीत भाटिया, पीपी सुदर्शन चुघ, पीपी संदीप खेर द्वारा किया गया। क्लब में शामिल हुऐ 17 न्यू मेंबर का सभी से परिचय करवाया गया। खिलाड़ी की आर्थिक मदद, एक सिलाई मशीन गरीब महिला को दी गई, क्लब के केयर टेकर विनोद की बिटिया की शादी के लिये तीन लाख रूपये का सामान और 50000 रुपए नकद, गरीब व विधवा महिलाओं को राशन वितरण किया गया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन नरेश रहेजा, स्पोंसर मोहित जैन, सेक्टरी नीतीश डावर, विनोद धमीजा, पंकज कपूर, अनिल बरेजा, संजय कटारिया, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश रनोलिया, सीए शशि चड्ढा, नीरज स्याल, विवेक खुराना, दिनेश संदुजा, सीए अनिल खुराना, विक्रम शाहा,पंकज शर्मा, नितिन अरोरा, नीरज अग्रवाल, सुधीर छाबरा, जगदीश अरोड़ा, सुरेश बजाज व सुनील जुनेजा मौजूद रहे।

---

## मुंह में स्वच्छता नहीं होने से शरीर में फैलते है रोगः डॉ.शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा



समालखा। समाज सेवा समिति धर्मार्थ अस्पताल में मासिक निशुल्क चेकअप कैंप में पहुंचे अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

समाज सेवा समिति धर्मार्थ अस्पताल में मासिक निशुल्क चेकअप कैंप लगाया गया। कैंप में कुल 299 लोगों की जांच की गई। जिसमें नेत्र रोग के 143, स्त्री रोग के 22, सामान्य बीमारी के 45, दंत रोग के 26, शुगर के 55 और बच्चों के आठ रोगियों का चैक अप किया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि ब्रिहमसिंह गाहलान व कमला देवी ने रिबन काट कर कैंप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डेंटल सर्जन डॉ अंजलि शर्मा ने बताया कि अपने मसूड़ों को स्वस्थ रखने के लिये मुख की सफाई अच्छी तरह करें-अपने दांतों को रोज दो बार ब्रुश करें। दांतों को रोज एक बार फ्लॉस करें और नियमित रूप से अपने डेंटिस्ट के पास जाएं। यदि आपके मसूड़े लाल होकर फूल गए हों या उनसे खून निकलता हो, तो ऐसा संक्रमण के कारण हो सकता है। इलाज न करने पर मसूड़ों का शोथ गंभीर रोग में विकसित हो सकता है और आप अपने दांतों को खो सकते हैं। डॉ अंजलि ने कहा विटामिन डी की कमी से भी दांत कमजोर होने लगते हैं। डायबिटीज के मरीजों को अक्सर दांत से जुड़ी बीमारी होने का खतरा अधिक रहता है,साथ ही मसूड़ों में इंफेक्शन या दांत गिरने का खतरा अधिक होता है।

## नाले का निर्माण नहीं होने पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा

- बरसात में कई मकानों में दो-दो फुट गन्दा पानी घुस गया

पानीपत के गांव मनाना में गंदे पानी की निकासी के लिए फिरनी से लेकर ट्रांसफार्मर तक करीब पांच सौ फुट पर बनाए जा रहे नाले का निर्माण पूर्व सरपंच द्वारा रोकने और प्रशासन द्वारा इसको लेकर कोई कदम नहीं उठाने के खिलाफ गांव की महिलाओं ने बीडीओ कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान मनाना सरपंच रेखा भी उनके साथ थी। महिला गीता, शीला, बबली, पूनम, कमलेश, संतोष, सुमित्रा, रीना, जसवंती व कृष्णा आदि ने बताया कि मनाना गांव में ट्रांसफार्मर से लेकर फिरनी तक गंदे पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण गांव की बरसात के समय किया गया था। ग्राम पंचायत द्वारा 1995 में इसको पक्का निर्माण करने का काम किया गया। अब खस्ताहाल हो चुके इस नाले को करीब तीन महीने पहले अप्रैल में निर्माण कार्य शुरू किया गया था। लेकिन गांव के पूर्व सरपंच भीम सिंह ने मिट्टी के कट्टे आदि डालकर नाले का निर्माण कार्य रूकवा दिया। जिससे गंदे पानी की निकासी रूक गयी और शनिवार को हुई बरसात में तीस से अधिक मकानों में दो-दो फुट गन्दा पानी घुस गया। जिस से तुडा, गेहू, सोफे व कपडे आदि सामान खराब हो गया।

लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया था। वहीं दूसरा नाले का निर्माण कार्य अधर में लटकने से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मानसून की शुरूआत हो चुकी है और नाला नहीं बनने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं बीडीपीओ नीतिन कुमार ने महिलाओं के साथ गांव में जाकर मौका निरीक्षण तथा आश्वासन दिया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कराकर और पुलिस बल की मौजूदगी में नाला खुलवाने के साथ ही निर्माण कार्य कराया जाएगा।



समालखा। नाले का निर्माण नहीं होने पर प्रदर्शन करती महिलाएं । फोटो : हरिभूमि

---




पानीपत। इनर व्हील क्लब पानीपत की पदाधिकारीगण मिली ट्रॉफी का प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## इनर व्हील क्लब को जनसेवा के लिए मिली बिगेस्ट ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- पीडीसी सीमा चोपड़ा को सर्वोत्कृष्ट जोनल काउंसलर का खिताब मिला

इनर व्हील क्लब पानीपत ने तीस जून को अपना यह सत्र पूरा किया। जिसके लिए एक विशाल अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सीमा कपूर द्वारा की गई। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब जिला 308 के 84 क्लब प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इनर व्हील क्लब पानीपत की प्रधान डॉक्टर पूजा मेहंदीरता ने अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए बिगेस्ट ट्रॉफी प्राप्त की। इसके अलावा उन्हें सर्वोत्कृष्ट प्रधान की उपाधि से नवाजा गया। पीडीसी सीमा चोपड़ा को सर्वोत्कृष्ट जोनल काउंसलर का खिताब मिला। रंजू ढींगरा को श्रेष्ठआइसो का पुरस्कार मिला। पूर्व प्रधान हर्ष नागपाल को ट्रांसजेंडर की सहायता हेतु उत्कृष्ट दान देने के लिए एक विशेष पुरस्कार दिया गया। वहीं क्लब को चार विशेष पुरस्कार जिला द्वारा घोषित मुख्य समिति इल्म शिक्षा, जागरूकता स्पिट फ्री इंडिया, महिला सशक्तिकरण, बिग ब्रांडिंग पुरस्कार प्राप्त हुआ। क्लब के सभी सदस्यों ने डॉ. पूजा मेहंदीरता को बधाई दी।

## पौधरोपण कर पर्यावरण को घना करेंः डॉ दहिया

- उपायुक्त ने समाधान शिविर में एक नई पहल की शुरूआत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। जिला सचिवालय में जनसुनवाई करते हुए अधिकारीगण।

जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने समाधान शिविर में एक नई पहल की शुरूआत करते हुए हर शिकायतकर्ता को एक एक पौधा देकर पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने सचिवालय में शिकायत लेकर पहुंचे लोगों की काफी समस्याओं का मौके पर अधिकारियों के सहयोग से निदान किया व 350 लोगों को अमरूद, जामुन, तुलसी व आंवला के पौधे वितरीत किए। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि जीवन को आगे बढ़ाने के लिए हमें पर्यावरण की दिशा में और प्रयास करने की आवश्यकता है। एक-एक पौधा जीवन की नई गति देगा। हम पौधे लगाकर अगली पीढ़ी के जीवन को और आगे बढ़ाने का सकंल्प लेना चाहिए। इसके लिए हमें पौधा रोपण करने के साथ साथ उसकी परवरिश करने के भी जिम्मेदारी उठानी होगी। उपायुक्त ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से अपील की कि वे समय की कीमत को पहचाने व प्रशासन द्वारा निर्धारित किये गए समय पर पहुंच कर अपनी शिकायतों का निवारण करवायें। उपायुक्त ने इस दौरान एक अधिकारी को डयूटी में कोताही बरतने पर बुरी तरह से लताड़ा। इस मौके पर निगम कमीशनर साहिल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत,निगम सुयंक्त आयुक्त मनी त्यागी, सीटीएम टीनू पोसवाल,डीआरओ रणविजय सिंह सुलतानिया, तहसीलदार अस्तित्व, डिप्टी सीईओ कंचन, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, जिला रोजगार अधिकारी रितू चहल, निगम के कार्यकारी अभियंता राजेश कौशिक, कृषि विभाग के एसडीओ देवेन्द्र कुहाड़ आदि मौजूद रहें।

### आप ने किया जन संवाद कार्यक्रम

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को गढ़ी सिकंदर पुर व काबड़ी गांव में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में आप नेता सुखबीर मलिक ने जनता की समस्याओं को जाना। इस अवसर पर अनिल कुमार, बंटी वाल्मीकि, प्रवीण जैन, रवि, रिंकू कश्यप, पाल कश्यप, जय भगवान, राजेश यादव, मुकेश बिल्लू, अजय कुमार, सुमित कुमार, सुमन सिंह, कृष्ण, उमेश, संजय कुमार, सागर, पवन सिंह, साइन पाल, सतीश कुमार, दीपक कुमार, मुन्नी कुमारी, सुनील कुमार, महेंद्र कुमार, विनोद कुमार, अजय सिंह, हरमन कौर, परमजीत सिंह, कमलजीत कौर, अमित नोरा, कमल जीत कौर, राजकुमार मुंडे, जसबीर आदि उपस्थित रहे।

### जेजेपी की बैठक हुई

- बैठक कर मीटिंग को सफल बनाने की रणनीति तैयार की

**समालखा।** जेजेपी जिला प्रभारी बृज शर्मा और देवेंद्र कादियान ने हलसका समालखा में लेखराज खट्टर के ऑफिस पर व पानीपत ग्रामीण और शहरी की जेजेपी पानीपत कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मीटिंग को सफल बनाने की रणनीति तैयार की। बैठक में रामनिवास पटवारी, बलराज मछरोली, कृष्ण चंदौली, महावीर कश्यप, लेखराज खट्टर, सुभाष शर्मा, सुभाष धीमान, विपिन छाबड़ा, पप्पू त्यागी, बिजेंद्र फोर, अजय बिंझौल, मीनाक्षी चावला, कमला भगत, रविंद्र मिन्ना, बलराज व राजिंद्र इनसो मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब रॉयल ने बच्चों को खाद्य सामग्री व वस्त्र बांटे

**पानीपत।** रोटरी क्लब पानीपत रॉयल द्वारा 2024-25 के प्रथम दिवस पर एमजेआर निःशुल्क स्कूल के विद्यार्थियों को खाद्य सामग्री एवं स्पोर्ट्स टी शर्ट वितरित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में शहरी विधायक प्रमोद विज की पत्नी नीरू विज एवं अध्यक्षता ललिता भाटिया ने की। रोटरी रॉयल क्लब की अध्यक्ष मीरा रहेजा एवं सेक्रेटरी कंवर रविंद्र सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। नीरू विज ने कहा कि रोटरी क्लब पानीपत रॉयल की यह बहुत अच्छी पहल है। एमजेआर स्कूल के विद्यार्थियों के साथ मिलकर उनसे बहुत प्रभावित हुई हूं। बच्चों का अनुशासन देखते ही बनता है। वह दिन दूर नहीं जब इनमें से ही कोई विद्यार्थी जीवन की ऊंचाइयों को छुएंगे। इस अवसर पर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रमन अनेजा, मीनू अनेजा, अनिल मेहरा, अनीता मेहरा, विनोद रहेजा, राहुल अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, अरुण बब्बर, नरेश चोपड़ा, प्रवीन चोपड़ा, शिखा सैनी, रेनू, यतिन्दर सैनी टाइगर, सैटलाइट क्लब रॉयल गोल्ड से सोनाक्षी चोपड़ा व अन्य रोटेरियन उपस्थित रहे।



पानीपत। रोटरी क्लब पानीपत रॉयल के साथ एमजेआर निशुल्क स्कूल के विद्यार्थीगण।

---

डीएवी सैंटेनरी पब्लिक समालखा के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली

## पर्यावरण के लिए खतरा है प्लास्टिकः शर्मा

- प्राचार्य भव्या शर्मा ने छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल समालखा में टैगोर सदन इंचार्ज गरिमा रोहिल्ला के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने नो यूज प्लास्टिक विषय को लेकर रैली निकाली। जिसमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ पौधे लगाने और प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

स्कूल प्राचार्य भव्या शर्मा ने छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। अंग्रेजी अध्यापक कुलिस नंदवानी, धनेश सिंगल तथा मृगेंद्र राठी की अगुवाई में विद्यालय के छात्र किवाना गांव पहुंचे और गांव के लोगों तथा सरपंच से मिले। इन्होंने वहां लोगों को समझाया कि भविष्य में सभी लोग पॉलिथीन का प्रयोग ना करें। वहीं, इससे बरसात में नाले भी बंद हो जाते हैं और जलाने पर प्रदूषण फैलाती है।इस रैली में गांव के सरपंच चेनपाल, सचिन छौक्कर तथा गांव के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी विद्यार्थियों का पूरा साथ दिया। छात्रों ने जोर-जोर से स्लोगन नारे भी लगाए जैसे हमने दिल में ठाना है प्लास्टिक को हटाना है।वहां लोगों को यह भी समझाया गया कि वह सामान लेने के लिए जाए तो अपना घर से थैला लेकर के जाएं। इसके पश्चात सभी छात्र विद्यालय लौट आए।




पानीपत। डीएवी सैंटेनरी स्कूल के विद्यार्थी जनजागरूकता रैली निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पानीपत में 29.50 करोड़ की लागत से सुधरेगी सीवरेज व्यवस्था

- विधायक प्रमोद विज ने मुख्यमंत्री के साथ बैठक की, सीएम ने बजट मंजूर किया



विधायक प्रमोद विज।

**पानीपत।** पानीपत शहरी विधानसभा के सेक्टर 11-12 में वर्षों से ब्लॉक पड़े सीवरेज और समुचित रूप से जल निकासी ना हो पाने की समस्या के समाधान हेतु मंगलवार को चंडीगढ़ में शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलकर सेक्टर वासियों की समस्या अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने समस्या के तत्काल रूप से समाधान करने के लिए पानीपत नगर निगम अधिकारियों को मौके पर फोन कर सेक्टर में सफाई व्यवस्था की फिजबिलटी रिपोर्ट मांगी एवं अनुमानित खर्च की भी रिपोर्ट मांगी। इधर, निगम द्वारा तत्काल सेक्टर 11-12 की सफाई की फि ज बि ल टी रिपोर्ट सौंपते हुए 29 करोड़ 50 लाख का खर्च मुख्यमंत्री को भेजा था, जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए विधायक प्रमोद विज को सेक्टर में सीवरेज को जल्द सुधार करने हेतु आश्वासन दिया है। विधायक विज ने समस्या की समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

